दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 08 सितम्बर 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# दोस्त का साथ

भारत और रूस के रिश्तों में पुरानी गर्मजोशी लौट रही है। आज जब व्यापारिक और सामरिक क्षेत्रों में अमेरिका के एकतरफा दबदबे ने संयुक्त राष्ट्र से लेकर विश्व व्यापार संगठन तक तमाम वैश्विक संस्थाओं को बेमानी बना रखा है, तब भारत और रूस की नजदीकी बहुत मायने रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन के रूस दौरे में बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के साथ कई अहम मसलों पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने आपसी व्यापार को 11 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2025 तक 30 अरब डॉलर करने का निश्चय किया और समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का आह्वान किया।

रूस ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया। अभी कश्मीर के संदर्भ में मोदी का यह दौरा बेहद अहम था। दरअसल भारत को इस मसले पर चौतरफा समर्थन की दरकार है क्योंकि पाकिस्तान अभी इस पर दुनिया भर में दुष्प्रचार करता फिर रहा है। रूस ने स्पष्ट कहा कि वह किसी भी देश के आंतरिक मामले में बाहरी दखल के खिलाफ है।

इस दौरे की एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि रूस ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान %ऑर्डर ऑफ सेंट ऐंड्रू द अपोसल% देने की घोषणा की। व्लादिवोस्तोक में रूस और भारत के डेलिगेशन के बीच 20वें द्विपक्षीय सम्मेलन के बाद दोनों देशों ने रक्षा, तकनीक और ऊर्जा से लेकर स्पेस मिशन तक कई अहम समझौते किए।

रूसी रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स भारत में दोनों देशों के जॉइंट वेंचर द्वारा बनाने का समझौता हमारे लिए रोजगार की दृष्टि से उपयोगी रहेगा। दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए चेन्नई और व्लादिवोस्तोक के बीच एक समुद्री रास्ता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। एलएनजी की आपूर्ति के लिए हुए करार के तहत रूसी कंपनी नोवाटेक भारत, बांग्लादेश और अन्य बाजारों में गैस की बिक्री के लिए एक एलएनजी टर्मिनल के निर्माण में धन लगाएगी।

इस अवसर पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष में हमारा लंबा सहयोग नई ऊंचाइयां छू रहा है। गगनयान यानी भारत के मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के लिए भारत के ऐस्ट्रॉनॉट्स रूस में ट्रेनिंग लेंगे। रूस के सहयोग से न्यूक्लियर प्लांट भारत में पहले से ही बन रहे हैं। अफगानिस्तान को लेकर उन्होंने साफ कहा कि भारत अपने पड़ोस में एक स्वतंत्र, शांत और लोकतांत्रिक अफगानिस्तान देखना चाहता है।

इस अवसर पर पूतिन ने भारत और रूस के सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों देश 2020 तक सैन्य और तकनीकी सहयोग पर अपने द्विपक्षीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू कर रहे हैं तथा इसको 10 साल और बढ़ाने के लिए इसे अद्यतन बनाने पर काम कर रहे हैं। भारत और रूस के रिश्तों में यह गर्मजोशी पूरी दुनिया के लिए एक शुभ संकेत है क्योंकि सच्चे अर्थों में एक बहुध्रुवीय विश्व का सपना ऐसे रिश्तों से ही पूरा होगा।

# बीसीसीआई ने दिनेश कार्तिक को जारी किया कारण बताओ नोटिस



**नईदिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान दिनेश कार्तिक को बीसीसीआई ने कारण बताओ नोटिस दिया है। बीसीसीआई ने कार्तिक को यह नोटिस कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) की टीम त्रिनबागो नाइट राइडर्स के ड्रेसिंग रूम में जाने के कारण दिया है। कार्तिक टीम के कोच ब्रैंडन मैक्कलम के साथ ड्रेसिंग रूम में थे।

मैक्कलम को हाल ही में कोलकाता का भी कोच नियुक्त किया गया है। बोर्ड के एक सीनियर अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है और कहा है कि कार्तिक को ऐसा करने से पहले इजाजत लेनी चाहिए थी क्योंकि वह अभी भी बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध प्राप्त खिलाड़ियों की सूची में हैं। कार्तिक को सात दिनों के अंदर इस नोटिस का जवाब देना है।

अधिकारी ने कहा, चूंकि वह भारतीय टीम के खिलाड़ी हैं ऐसे में कुछ प्रोटोकॉल होते हैं जिनका पालन करना होता है। वह केंद्रीय अनुबंध में शामिल हैं और ऐसे में वह बीसीसीआई की इजाजत के बिना सीपीएल के ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकते। उन्हें सात दिनों के अंदर नोटिस का जवाब देना होगा।

त्रिनबागो और कोलकाता दोनों की फ्रेंचाइजियों का मालिकाना हक भारतीय अभिनेता शाहरुख खान के पास है। लेकिन बीसीसीआई अपने रुख पर साफ है कि भारतीय खिलाड़ियों का विदेश की टी-20 लीगों से कोई लेना-देना नहीं है।

यह बात हालांकि साफ नहीं है कि कार्तिक का ड्रेसिंग रूम में जाना आम तौर पर किया गया व्यवहार था या आईपीएल के अगले सीजन को लेकर रणनीति बनाने को लेकर वह वहां गए थे। कार्तिक का भविष्य अब इस बात पर निर्भर करता है कि प्रशासकों की समिति (सीओए) इस मसले को किस तरह से देखती है। अधिकारी ने कहा, देखना होगा कि सीओए उनके जवाब को किस तरह से लेती है।

## केनरा बैंक ने कैन फिन होम्स में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए बोलियां आमंत्रित की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अपनी आवास वित्त अनुषंगी कैन फिन होम्स लिमिटेड (सीएफएचएल) में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि उसने मर्चेंट बैंकरों के माध्यम से अपनी अनुषंगी सीएफएचएल में दो रुपये अंकित मूल्य वाले 3,99,30,365 शेयरों की बिक्री के लिए बोलियां मंगायी हैं। यह सीएचएफएल में उसकी 29.99 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। बैंक ने यह निर्णय सिंडिकेट बैंक के साथ होने वाले विलय को देखते हुए लिया है। सीएफएचएल की देशभर में 132 शाखाएं हैं। उल्लेखनीय है कि अपेक्षा के मुताबिक कम बोली प्राप्त होने के कारण पिछले साल केनरा बैंक ने अपनी अनुषंगी आवास वित्त कंपनी केन फिन होम्स में पूरी हिस्सेदारी बेचने की योजना रद्द कर दी थी।



## स्वर्ण बांड की कीमत 3,890 रुपए प्रति ग्राम तय, सोमवार से होगी बिक्री: रिजर्व बैंक

**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि सोमवार को खुल रहे सरकारी स्वर्ण बांड की नई श्रृंखला के लिए कीमत 3,890 रुपए प्रति ग्राम रखा है। सरकारी स्वर्ण बांड योजना 2019-20 की चौथी श्रृंखला 9 से 13 सितंबर तक खुली रहेगी। सरकार ने उन निवेशकों को निर्गम मूल्य से 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का फैसला किया है जिन्होंने आनलाइन आवेदन करेंगे या फिर डिजिटल माध्यम से भुगतान करेंगे।

आरबीआई ने कहा , ऐसे निवेशकों के लिये स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य 3,840 रुपये प्रति ग्राम होगा। सरकार ने सोने की मांग को कम करने और घरेलू बचत के एक हिस्से को वित्तीय बचत में बदलने के उद्देश्य से सरकारी स्वर्ण बांड योजना की शुरुआत नवंबर 2015 में की थी।

## मदर डेयरी के बाद अब अमूल दूध अगले हफ्ते से हो जाएगा महंगा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मदर डेयरी ने हाल ही में दूध के दाम बढ़ाए हैं. इसके बाद प्रमुख डेयरी कंपनी अमूल ने कीमत बढ़ाने के लिए मना कर दिया है. जबकि पराग मिल्क फूड्स इस मामले पर अगले सप्ताह गौर करेगा. हालांकि, अमूल के गाय दूध का दाम पहले ही 44 रुपये और पराग मिल्क के गाय दूध का दाम 48 रुपये लीटर है. गुरुवार को प्रमुख दुग्ध आपूर्तिकर्ता कंपनी, मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में गाय के दूध की कीमत 2 रुपये बढ़ाकर 44 रुपये प्रति लीटर की है.



कंपनी कच्चे दूध की खरीद के लिए किसानों को अधिक भुगतान कर रही है. हालांकि, मदर डेयरी ने अन्य दूध के दाम में कोई वृद्धि नहीं की. अमूल ब्रैंड के तहत दूध और दुग्ध उत्पादों का मार्केटिंग करने वाली कंपनी गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक, आर एस सोढ़ी ने कहा कि गाय के दूध की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है.

अमूल का गाय का दूध पहले से ही 44 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है. पराग मिल्क फूड्स के अध्यक्ष देवेंद्र शाह ने कहा कि कंपनी इस मुद्दे पर अगले सप्ताह सोच विचार करेगी. उन्होंने कहा कि हमारी गाय दूध कीमत पहले ही 4 रुपये प्रति लीटर अधिक यानी 48 रुपये प्रति लीटर है. शाह ने कहा कि महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में अच्छी बारिश हुई है,

## आरसीईपी व्यापार मंत्रियों की बैठक आज




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वृहत मुक्त व्यापार समझौता आरसीईपी पर बातचीत कर रहे भारत और जापान समेत 16 देशों के व्यापार मंत्रियों की आठ सितंबर को बैंकाक में बैठक होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार पीयूष गोयल सातवें क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) की मंत्री स्तरीय बैठक, पूर्वी एशिया आर्थिक मंत्रियों के शिखर सम्मेलन और 16वें आसियन भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक 8-10 सितंबर को होगी। बैठक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देशों और आठ पूर्वी एशियाई देशों के वित्त मंत्रियों और द वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। आरसीईपी समझौते पर 10 आसियान सदस्य देश (ब्रुनेई, कम्बोडिया, इंडोनिशया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा,, फिलिपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) और आस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, कोरिया और न्यूजीलैंड के बीच बातचीत हो रही है। आरसीईपी के लिये बातचीत बुनियादी चरण में पहुंच गया है। सदस्य देशों का नवंबर तक बातचीत को अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य है।

## अमेरिका ओपन : दिमित्रोव को हराकर मेदवेदेव ने फाइनल में प्रवेश किया



**न्यूयॉर्क।** रूस के डेनिल मेदवेदेव ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए यहां जारी अमेरिका ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पांचवीं सीड मेदवेदेव ने पुरुष एकल वर्ग के एक कड़े सेमीफाइनल में बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को सीधे सेटों में 7-6 (7-5), 6-4, 6-3 से मात दी।

मेदवेदेव पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने में कामयाब हो पाए हैं। आर्थर एश स्टेडियम में खेले गए अंतिम-4 के मैच का पहला सेट टाई-ब्रेकर तक गया। मेदवेदेव ने यहां संयम के साथ टेनिस खेली और चौथे राउंड में रोजर फेडरर को मात देने वाले दिमित्रोव को 7-5 से हराया। दूसरे और तीसरे सेट में भी दिमित्रोव ने मेदवेदेव को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की। हालांकि, वह जीत दर्ज करने में सफल नहीं हो पाए।

मेदवेदेव ओपन एरा में तीसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिसने एक ही सीजन में कनाडा, सिनसिनाटी और अमेरिका ओपन के फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले, इवान लेंडल (1982) और आंद्रे अगासी (1995) ने ऐसा किया था।

पेज 1 का शेष...

## 16वीं बाधा पार नहीं कर पाया चंद्रयान-2

वैज्ञानिकों का कहना था कि ऐसे अभियान में देरी स्वीकार्य है, लेकिन खामी नहीं। ऐसे हर अभियान से देश के करोड़ों लोगों की उम्मीद जुड़ी होती है।

चंद्रयान-2 को 22 जुलाई को बेंगलुरु के श्रीहरिकोटा स्थित विक्रम साराभाई स्पेस एंड रिसर्च संस्थान (इसरो) से दोपहर बाद 2ः43 बजे लॉच किया गया था। इसरो के बाहुबली रॉकेट ने प्रक्षेपण के ठीक 16 मिनट बाद ही यान को सुरक्षित तरीके से पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया था। इसके बाद यान ने रॉकेट से अलग होकर चंद्रमा की तरफ अपना सफर शुरू कर दिया था। इस मिशन की सफलता के साथ ही भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन जाता। साथ ही इस अभियान के सफल होने पर रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत चाँद पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाता। इसके अलावा इसरो को दुनिया के सामने अपनी मेधा और क्षमता को साबित करने का मौका भी मिलता। इस मिशन से दुनिया को भी पृथ्वी के निर्माणक्रम से लेकर हमारे सौरमंडल को समझने का रास्ता भी खुलता। गौरतलब है कि चांद के हिस्से में हर वक्त अंधेरा रहता है। संभावना है कि यहां पानी, बर्फ और ऑक्सीजन मिल सकता है। भारत ने अपने पहले मिशन चंद्रयान-1 में कई अहम खोज की थी। इस मिशन में भारत ने ही चांद पर बर्फ और पानी की मौजूदगी का खुलासा किया था। ये जानकारी पूरी दुनिया के लिए काफी अहम साबित हुई थी। अब भारत चांद के उस हिस्से में चंद्रयान-2 को उतारने की तैयारी में था जहां कई नए रहस्यों का खुलासा हो सकता है। इस वजह से भारत के इस मिशन पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई थीं।

इसरो के चंद्रयान-2 के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को चुना गया था जहां पर विक्रम लैंडर की सॉफ़्ट लैंडिंग करवाई जानी थी। सब कुछ सही जा रहा था मगर सतह पर पहुंचने से कुछ देर पहले ही लैंडर से संपर्क टूट गया। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कोई यान भेजने वाला भारत पहला देश है। अब तक चांद पर गए अधिकतर मिशन इसकी भूमध्य रेखा के आस-पास ही उतरे हैं। यदि भारत कामयाब हो जाता तो अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चंद्रमा पर किसी अंतरिक्ष यान की सॉफ़्ट लैंडिंग करवाने वाला चौथा देश बन जाता।

## आज का राशिफल

*मेषः-* शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। इसके फलस्वरूप मंगल उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

*वृषभः-* आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोर्थ सिद्धि होगी।

*मिथुनः-* आज का दिन काफी रचनात्मक है। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी।

*कर्कः-* आज का दिन काफी सृजनात्मक है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

*सिंहः-* आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

*कन्याः-* आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।

*तुलाः-* आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में कुछ परेशानी हो सकती है।

*वृश्चिकः-* माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

*धनुः-* आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़े लाभ की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

*मकरः-* आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

*कुंभः-* आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

*मीनः-* आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

## शिमला मिर्च राइस बनाने की विधि...



### सामाग्रीः

- बासमती चावल पका हुआ-2 कप
- पीली शिमला मिर्च-1
- लाल शिमला मिर्च-1
- हरी शिमला मिर्च-1
- बारीक कटी हुई हरी मिर्च-2
- कद्दूकस की हुई अदरक और लहसुन-2
- बटर-2 चम्मच
- नमक स्वादनुसार

### विधीः

सबसे पहले आप एक कड़ाई में तेल गर्म करें फिर उसमें अदरक और लहसुन डालकर कुछ देर तक अच्छी तरह से भूनें।

इसके बाद आप इसमें बारीक कटी हुई शिमला मिर्च मिलाकर कुछ देर तक हल्की आंच पर पकाएं।


अब आप पके हुए चावल को उसमें डाल दें फिर उसमें स्वादनुसार नमक डाल कर मिला दें।

अब आपकी ये रेसिपी तैयार है। इसे आप गरमा गर्म सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 79

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 79

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |